## महत्वपूर्ण एवं खास

### डाकघर के काउंटर से प्राप्त कर सकते है गंगोत्री का गंगाजल

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग अपने विभिन्न डाकघरों के माध्यम से आम नागरिकों को निरंतर कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहा है। इन्ही सेवाओं में से एक महत्वपूर्ण सेवा गंगाजल का विक्रय किया जाना है। जिसके तहत प्रत्येक आम नागरिक मात्र 30 रूपये में 250 एम.एल. प्रतिबोतल गंगोत्री का शुद्ध गंगाजल डाकघर के काउंटर से प्राप्त कर सकते हैं। चूंकि अभी श्रावण का पावन महीना चल रहा है। अत: इस अवसर पर गंगाजल का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। अत: भारतीय डाक विभाग समस्त आम नागरिकों से आग्रह करता है कि वे आज ही अपने निकटतम डाकघर में जाकर गंगाजल क्रय करें और पुण्य के भागी बने।

### डॉ खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**छानबीन समिति से जांच के बाद कृषि विभाग के जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य शासन ने कृषि विभाग के डॉ खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए किसानों से आवेदन आमंत्रित किया है। इसकी संपूर्ण जानकारी कृषि विभाग के वेबसाइट एग्री पोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन https://agriportal.cg.nic.in/ पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र कृषि विभाग के जिला कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र ब्लॉक के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के माध्यम से छानबीन समिति से चयन उपरांत कृषि विभाग के जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई नहीं किया जाएगा।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 अगस्त

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओ में प्रवेश सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में संचालित व्यवसाय छमाही व्यवसाय डीसीएम, एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, स्टेनो हिन्दी, वेल्डर और द्विवर्षीय व्यवसाय विद्युतकार, फिटर एवं एमएमव्ही आदि कोर्स में प्रवेश के लिए 11 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र रजिस्ट्रेशन हेतु पोर्टल सीजी आईटीआई डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन cgiti.cgstate.gov.in खुला है। प्रवेश हेतु नवीन रजिस्टर्ड आवेदन पत्रों एवं पूर्व में प्राप्त आवेदन पत्रों में से संयुक्त प्रावीण्य सूची के आधार पर चयन सूची जारी कर प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। इन व्यवसायों में प्रवेश के इच्छुक युवाओं से नियत तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 16 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से 16 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन https://navodaya.gov.in में जाकर आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम में आमंत्रित है। विद्यार्थी किसी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 5वीं में पढ़ रहा हो। अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच का होना चाहिए। अभ्यर्थी यदि कक्षा 3, 4, 5 वीं मे से किसी भी कक्षा में शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययनरत रहता है, तो वह शहरी क्षेत्र का अभ्यर्थी माना जाएगा।

# प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में हुए शामिल वित्त मंत्री चौधरी, साहू समाज के 84 प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

- लक्ष्य प्राप्ति के लिए बड़ी सोच एवं रणनीति के साथ करें पढ़ाई-वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी
- अगले माह से रायगढ़ में शुरु होगा प्रयास आवासीय विद्यालय, नि:शुल्क कर सकते है प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी
- प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शासन की छात्रोंपयोगी योजनाओं से संबंधित कैरियर मार्गदर्शिका पुस्तक का किया वितरण

**रायगढ़**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज रायगढ़ में साहू समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने समाज के 84 प्रतिभावान बच्चों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।





वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी सोच और रणनीति बनाकर पढ़ाई करें, तभी लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री हासिल करने के लिए पढ़ाई न करें। अपने भविष्य के स्पष्ट लक्ष्य एवं व्यक्तित्व के विकास में कामयाबी हासिल करने के लिए पढ़ाई करें। उन्होंने सभी बच्चों को कहा कि यह चार से पांच साल आपके लिए महत्वपूर्ण है। इसमें अच्छी तरह से पढ़ाई करें ताकि आपका भविष्य बन सके। उन्होंने कहा कि आज के दौर में काफी प्रतिस्पर्धा माहौल है, कभी निराश और हताश न होकर अपने प्लान ए के साथ बी एवं सी भी तैयार रखे। केवल सरकारी नौकरी के फेर में ही न रहे आप। आज भारत विकासशील से विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर हो रहा है। यहां अलग-अलग क्षेत्र में कैरियर के विभिन्न अवसर तैयार हो रहे है। आपको उस अवसर को प्राप्त करने के लिए तैयार होना होगा। इस दौरान उन्होंने सफल लोगों के संघर्ष की भी जानकारी साझा की।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि आगामी माह में रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ हो जायेंगे। जिसमें बेहतर शिक्षा के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां विद्यार्थी नि:शुल्क में कर सकते है। इसी प्रकार प्रदेश में 22 नालंदा परिसर प्रारंभ किए जायेंगे, जिसमें रायगढ़ भी शामिल है। साथ ही हार्टीकल्चर कॉलेज भी स्वीकृत हो चुका है। हम सब रायगढ़ के विकास के लिए कार्य कर रहे है, यह सब आपके आशीर्वाद से संभव हो पाया है।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, उमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुभाष पाण्डेय, पंकज कंकरवाल, सुरेश गोयल, डिग्रीलाल साहू, कौशलेश मिश्रा, दिपेश सोलंकी, नेतराम साहू, कैलाश नायक, राकेश तालुकदार, बलवीर शर्मा, सत्यनारायण बाबा की माता हंसमती साहू, डॉ.त्रिभुवन साहू, प्रो.श्रीमती रंजना साहू, अमित साहू, भरत लाल साहू, अमित साहू, उपेन्द्र साहू, प्रो.जया साहू, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सीएसपी आकाश शुक्ला, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा सहित समाज के प्रतिभावान बच्चे एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

**कैरियर मार्गदर्शिका का किया वितरण-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति, शासकीय नौकरी के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शासन की छात्रोंपयोगी योजनाओं से संबंधित कैरियर मार्गदर्शिका पुस्तक का वितरण किया। उन्होंने कहा कि कैरियर मार्गदर्शिका आपको उच्च शिक्षा से संबंधित जिज्ञासा के साथ सामान्य ज्ञान को पूर्ण करने में सहायक होगी।

## विश्व आदिवासी दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़**




विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना नालसा (आदिवासियों के अधिकारों का सरंक्षण और प्रवर्तन के लिये विधिक सेवाएं) योजना 2015 के संबंध में जागरूकता हेतु जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय रायगढ़ एवं तहसील न्यायालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में विभिन्न विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा विभिन्न स्थानों में पाम्प्लेट्स, बैनर आदि लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही रैली एवं झांकियों में भी सम्मिलित होकर आमजन को आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिये संचालित नालसा की योजना के अतिरिक्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार- निवारण) अधिनियम 1989 एवं नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा तथा भारतीय संविधान आदि विषयों पर जनजातियों को उनके मौलिक विधिक एवं संवैधानिक अधिकारों के बारे में बताया गया। मुकद्मेबाजी के संबंध में नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने तथा उनके मामलों में जनजातीय समुदायों से अधिवक्ताओं का एक अनन्य पैनल गठन होने के विषय में भी जानकारी दी गई।

## ग्राम छींच में आयोजित हुआ हर घर तिरंगा अभियान, युवाओं और बच्चों ने निकाली रैली

- 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी
- स्व-सहायता समूह की दीदियों ने बनायी मानव श्रृंखला

**रायगढ़**



शासन के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 9 से 15 अगस्त तक जिले में स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम-छींच में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी शामिल हुए।

ग्राम-छींच में आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में गांव के मुख्य द्वार से युवाओं और बच्चों द्वारा रैली निकाली गई तथा स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा मानव श्रृंखला बनायी गई। इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने युवाओं, बच्चों एवं ग्रामवासियों को शपथ दिलाते हुए भारत के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करने तथा भारत के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई। वित्त मंत्री चौधरी ने तिरंगा बैच लगाकर कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम में ग्रामीणों को तिरंगा झंडा वितरण किया। उन्होंने इसे घर में सम्मान पूर्वक लगाने एवं सम्मान करने हेतु अपील की। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि हम सभी भारतीय हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ें और देश के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों को सम्मान दें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जिले में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में वे शामिल हों और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने वित्त मंत्री चौधरी को तिरंगा प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गुरूपाल भल्ला, कैलाश नायक, खेमराज नायक, डोलनारायण, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, महेश पटेल सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नक्सलियों के लेव्ही वसूली करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**मोहला-मानपुर-रायपुर।**
आरएनएस



नक्सलियों के लेव्ही वसूलने के मनी ट्रेल का पर्दाफाश करते हुए मोहला-मानपुर पुलिस ने 5 नक्सल सहयोगियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों द्वारा एक करोड़ रुपए से अधिक का लेव्ही वसूलकर नक्सलियों को भेजे जाने का सबूत मिला है. लेव्ही वसूलने के साथ आरोपी नक्सलियों को सामानों की भी सप्लाई किया करते थे आईजी दीपक झा ने प्रेस कांफ्रेंस में पकड़े गए आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करने के साथ उनकी गतिविधियों का भी पर्दाफाश किया. पकड़े गए आरोपियों में मानपुर निवासी विवेक सिंह के अलावा बीजापुर जिले के चार अन्य नक्सल सहयोगी सोनाराम फरसा पिता स्व. पांडूराम फरसा (28 वर्ष), विजय जुर्री पिता स्व. संतूराम जुर्री (32 वर्ष), रामलाल करमा पिता तुपाराम करमा (35 वर्ष) और राजेंद्र कड़ती पिता स्व. बुगुर कड़ती (30 वर्ष) शामिल हैं.

थाना मदनवाड़ा अंतर्गत गिरफ्तार नक्सल सहयोगी सूरजू राम टेकाम के मामले की विवेचना क्रम में ज्ञात हुआ कि सुरजू राम टेकाम माओवादी संगठन के विचारधारा के प्रचार-प्रसार एवं शहरी नेटवर्क को आगे बढ़ाने के लिए लगातार शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा था. भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) संगठन द्वारा पर्दे के पीछे से प्रायोजित ऑपरेशन कगार, कार्पोरेटीकरण, सैनिकीकरण के विरोध में 23 मार्च 2024 को कार्यक्रम था, जिसमें सम्मिलित होने के लिए सूरजू राम टेकाम 22 मार्च को फ्लाइट के माध्यम से रायपुर से दिल्ली गया था. दिल्ली जाने के लिए फ्लाइट टिकट नक्सलियों के लेव्ही से प्राप्त रुपयों से सूरजू राम टेकाम एवं सौनाराम फरसा के लिए टिकट बुक कराई गई थी.

सोनाराम फरसा को सूरजू राम टेकाम के द्वारा सम्पर्क करके दिल्ली जाने के लिए फ्लाइट टिकट एवं यात्रा खर्च के लिए नक्सलियों के लेव्ही से प्राप्त रुपए में से कुछ पैसे भेजने के लिए बोला और साथ में चलने के लिए कहा. तब सोनाराम फरसा ने ठेकेदार से प्राप्त नक्सलियों के लेव्ही रुपए में से अपने खाते के माध्यम से सूरजू राम टेकाम के बताए खाते पर पैसे भेजा. तब सूरजू राम टेकाम ने उस अकाउंट से फ्लाइट टिकट बुक करने के लिए विवेक सिंह को पैसे भिजवाया. विवेक सिंह ने सूरजू राम टेकाम के कहने पर नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को लगातार अलग-अलग माध्यम से सहयोग कर रहा था, और एक-दूसरे से सम्पर्क में थे।

## गांव के बीच युवक की हत्या, 15 गिरफ्तार

**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक युवक की हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि युवक को बीच चौराहे पर तालिबानी सजा देकर लाठी और डंडों से मौत के घाट उतार दिया है। घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी का माहौल बना हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, घटना कसडोल थाने के कटवाझर गांव का है। यहां एक युवक की लाठी-डंडो से पीट-पीटकर हत्या कर? दी गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में 15 लोगों को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी का माहौल बना हुआ है। फिलहाल युवक को किसी वजह से तालिबानी सजा दी गई इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस 15 लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है और पूछताछ में जुटी हुई है।

## मेडिकल जांच शिविर के 158 पंजीयन में 128 दिव्यांगो का बनेगा प्रमाण पत्र

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगढ़ में मेडिकल कैंप स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग चिन्हांकन और जांच अभियान किया जा रहा है। द्वितीय शनिवार को सारंगढ़ में आयोजित जिला मेडिकल बोर्ड के कैंप में कुल 158 पंजीयन और 128 यूडीआईडी चिन्हित हुए। उल्लेखनीय है कि सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य है। इससे पेंशन, ट्रायसायकाल सहित अन्य लाभ दिव्यांग को दिया जा सकता है।

**योगदान देने वाली चिकित्सा टीम-** दिव्यांग शिविर में हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश पटेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मीना पटेल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक अग्रवाल, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनूप अग्रवाल, ऑडियो मेट्री टेक्नीशियन चक्रधर पटेल सहित मेडिकल स्टाफ, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एफ आर निराला सहित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामलाल सिदार, डॉक्टर बी पी साय की टीम का योगदान है।

## शराब के लिए रूपए नहीं देने पर युवक से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



बीते 04 अगस्त को जूटमिल थाना में पांचपारा कोड़ातराई के उमेश गुप्ता (42) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 04 अगस्त के शाम करीब 6 बजे कोड़ातराई शराब भट्ठी के पास संत विनोबा नगर का दर्बीन निषाद उसके साथियों के साथ रास्ते में खड़ा था जो रास्ता रोककर इससे शराब के लिए पैसे मांगा। उमेश द्वारा पैसे देने से मना करने पर, आरोपी ने मां-बहन की गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी और हाथ मुक्कों से मारपीट किया, आरोपी के कलाई में पहने चूड़ा से उमेश के सिर और माथे पर चोटें आई।

जूटमिल पुलिस ने दर्बीन निषाद पर अप.क्र. 355/2024 धारा 296,351(2),115(2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्रवाई की और आरोपी दर्बीन निषाद (22) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से मारपीट में प्रयुक्त चूड़ा भी जप्त किया। पुलिस ने जांच, गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में भारतीय न्यायाय संहिता की धारा 126(2) और 119(1) भी विस्तारित की गई है। घटना के बाद आरोपी गिरफ्तारी के भय से गांव से फरार हो गया था। हालांकि, मुखबिर की सूचना पर दर्बीन को घेराबंदी कर पुसौर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में प्रधान आरक्षक मोहम्मद दिलदार कुरैशी व हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

- जिले में तिरंगा रैली, जुलूस एवं मेंहदी का हुआ आयोजन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

देशप्रेम और देश की आजादी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, क्रांतिकारियों के बलिदान के सम्मान के लिए केंद्र सरकार के आजादी का अमृत महोत्सव और राज्य सरकार के संस्कृति विभाग अंतर्गत जिले में 9 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम केआयोजन किया जा रहा है। सारंगढ़ के सेजस, बिलाईगढ़ के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और झाल विद्यालय के विद्यार्थियों ने तिरंगा पैदल और सायकल रैली में देशभक्ति का जज्बा लिए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर उत्साह एवं उल्लास के साथ तिरंगा पैदल और सायकल रैली शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी।भारत माता की जय, वंदेमातरम्, जय जवान-जय किसान, तिरंगा यात्रा जिंदाबाद के जयकारे की अनुगूंज दूर तक सुनाई दी।



इसी प्रकार नगर पंचायत बिलाईगढ़ की ओर से नागरिकों के द्वारा तिरंगा यात्रा निकली। नगर पंचायत बिलाईगढ़ के महिला कर्मचारियों और सारंगढ़ ब्लॉक के कई गावों में महिलाओं ने अपने हाथों में 15 अगस्त के अंकों की मेंहदी बनाकर और तिरंगा की रंगोली बनाकर, भारत माता का रूप धारण कर लोगों को प्रेरित किया कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान है। तिरंगा का यह गौरव और सम्मान हर घर तक पहुंचे, इस संदेश के साथ यह काफिला तिरंगा रैली निकली। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आम जन में देशभक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए वेबसाईट हर घर तिरंगा डॉट कॉम www.harghartiranga.com में सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता लाई जा रही है।इस तिरंगा यात्रा में युवा, वृद्ध, पुरूष, महिलाएं सभी शामिल हो सकते हैं और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान कर सकते हैं, जिससे राष्ट्रीय गर्व एवं एकता का अनुभव हो। पोस्ट ऑफिस में तिरंगे झंडे उपलब्ध रहेंगे। इसमें नागरिकों की व्यापक सहभागिता होनी चाहिए। तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान एवं तिरंगा मेला का आयोजन 15 अगस्त तक लगातार होगा। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में देश भक्ति संगीत के साथ सार्वजनिक स्तर पर तिरंगा कॉन्सर्ट्स आयोजित किए जाएंगे। कॉन्सर्ट्स में तिरंगा एन्थम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे, जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में हर घर तिरंगा और जय हिन्द लिख सकेंगे। कैनवास का डिजाइन राष्ट्रीय ध्वज के समान 3 : 2 में होगा। हैशटैग हर घर तिरंगा : तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले सभी लोगों को ध्वज फहराने और तिरंगा के साथ सेल्फी लेने और हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड किया जा सकेगा। प्रमाण पत्रों को सोशल मीडिया पर हैश टैग हर घर तिरंगा #HarGharTiranga के साथ साझा किया जाएगा। तिरंगा यात्रा से संबंधित तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा एंथम सहित विभिन्न जानकारी हर घर तिरंगा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480